जगदीश प्रसाद झाबरमल टीबड़ेवाला विश्वविद्यालय चुड़ैला में ग्रामीण पत्रकारिता पर राष्ट्रीय संगोष्ठी उद्घाटन विधानसभाध्यक्ष दीपेन्द्र सिंह शेखावत ने किया

झुंझुनू, 5 जून: विधानसभाध्यक्ष दीपेन्द्र सिंह शेखावत ने शुक्रवार को सुबह यहां से 20 कि.मी. दूर चुड़ैला स्थित जगदीश प्रसाद झाबरमल टीबड़ेवाला विश्वविद्यालय में ग्रामीण पत्रकारिता विषयक दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्घाटन किया। यह आयोजन विश्वविद्यालय तथा इंडियन फेडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्टस-नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में किया गया है।

विधानसभाध्यक्ष ने अपने सम्बोधन में ग्रामीण पत्रकारिता के सुदृढ़ीकरण को रेखांकित करते हुए कहा कि आज गांवों के पत्रकार जिन समस्याओं से जूझ रहे हैं उन पर गहन चिन्तन की आवश्यकता है ताकि उनके कौशल विकास की दिशा में सार्थक प्रयास किये जा सके। उन्होंने कहा कि सूचना क्रान्ति ने आज पत्रकारिता का विस्तार गांवों तक कर दिया है, ऐसी स्थिति में इस विस्तार के साथ-साथ ग्रामीण पत्रकारों के समुचित प्रशिक्षण की तरफ भी ध्यान दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि बड़े समाचार पत्र स्थानीय समाचारों की दृष्टि से क्षेत्रीय संस्करणों के रूप में संकुचित होते जा रहे हैं जिसके कारण साप्ताहिक व पाक्षिक पत्रों का महत्व और अधिक बढ़ गया है। इन लघु समाचार पत्रों के पत्रकारीय स्वरूप को परिमार्जित करने की आवश्यकता है। विधानसभाध्यक्ष ने बताया कि राजस्थान विधानसभा में इस बार 108 नये विधायक है जिनके आमुखीकरण के लिए शीघ्र ही कार्यशाला आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि विधानसभा की कार्यवाही का कवेरज करने वाले पत्रकारों के लिए भी कार्यशाला आयोजित करने का विचार है जिसमें इस बात पर बल दिया जाएगा कि विधानसभा में केवल हंगामा होने के समाचार ही नहीं होते हैं बल्कि अन्य ऐसे रचानात्मक

फोटो : रामनिवास सोनी

एवं विधायी कार्यों को भी निपटाया जाता है जो प्रमुख समाचार के रूप में आम पाठकों तक पहुंचने चाहिए। उन्होंने शेखावाटी के प्रवासी लोगों द्वारा कायम भामाशाह एवं समाज सेवा परम्परा का भी उल्लेख किया तथा इस क्रम में चुड़ैला के इस विश्वविद्यालय के उत्तरोतर विकास की कामना की।

इंडियन फेडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्टस के राष्ट्रीय महासचिव परमानन्द पाण्डे ने कहा कि ग्रामीण पत्रकारिता का वर्तमान फैलाव सूचना क्रान्ति की देन है। सरकार और समाज को ग्रामीण एवं भाषाई पत्रकारिता के विकास की दिशा में ठोस प्रयास करने चाहिए। राजस्थान श्रमजीवी पत्रकार संघ के अध्यक्ष ईश मधु तलवार ने गांवों में काम करने वाले अच्छे और योग्य पत्रकारों के कौशल विकास की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने इस राष्ट्रीय संगोष्ठी के लिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा प्रेषित संदेश भी पढ़कर सुनाया।

विश्वविद्यालय के मनोनीत कुलाधिपति विनोद कुमार टीबडेवाल ने ग्रामीण पत्रकारों के आर्थिक सुदृढ़ीकरण की जरूरत बतलाई तथा इस दो दिवसीय आयोजन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन हिन्दी फिल्म पत्रिका माधुरी के पूर्व सम्पादक एवं वरिष्ठ पत्रकार (मुम्बई) विनोद तिवारी ने किया। इस अवसर पर इंडियन फेडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्टस के अध्यक्ष विक्रम राव, राजस्थानी सेवा संघ-मुम्बई के अशोक हरलालका, मनमोहन बागड़ी व बाबूलाल ढण्ढ़ारिया, राधेश्यामजी जसरापरीया, हनुमान बगडीया, रामौतार अग्रवाल, सुशील राजगढीया, एडवोकेट भगवान सिंह शेखावत, ताराचन्द अग्रवाल, श्याम सुन्दर टीबड़ा, देवकी नन्दन तुलस्यान, मोहम्मद आलमगीर, शरतचन्द गाडिया आदि अनेक लोग उपस्थित थे। आयोजकों के अनुसार इस संगोष्ठी में उत्तरप्रदेश, आन्ध्रप्रदेश, मध्यप्रदेश, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, केरल व उत्तराखण्ड सहित राजस्थान के विभिन्न जिलों से आये 170 पत्रकारों का प्रथम दिन पंजीयन हुआ।



विधानसभाध्यक्ष का स्वागत किया:- दीपेन्द्रसिंह शेखावत विधानसभाध्यक्ष के झुंझुनूं आगमन पर सर्किट हाउस में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया जिनमें प्रदेश कांग्रेस सचिव रियाज फारूकी, सचिव रियाज फारूकी, उदयपुरवाटी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रमेश सर्राफ, झुंझुनूं ब्लॉक अध्यक्ष पार्षद खालिद हुसैन, पूर्व नगरपालिकाध्यक्ष उपाध्यक्ष पवन पुजारी, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष तेजस्विनी शर्मा, युवा नेता हारून रशीद, राष्ट्रीय एकता सद्भावना मिशन के अध्यक्ष एकता सद्भावना मिशन के अध्यक्ष महबूब चोपदार एवं गणमान्यजन में ताराचन्द भोड़कीवाला, जब्बार कुरेशी, राघवेन्द्रसिंह डूंडलोद प्रमुख थे।

टीबड़ेवाल यूनिवर्सिटी चुड़ेला ने जताया आभार

माई झुं.न्यूज। राजस्थानी सेवा संघ मुम्बई द्वारा संचालित श्री जगदीश प्रसाद झाबरमल टीबड़ेवाला विश्वविद्यालय चुड़ेला के मनोनीत कुलपति दो दिवसीय ग्रामीण पत्रारिता पर राष्ट्रीय संगोष्ठि के सफल आयोजन हेतु इंडियन वर्किंग फेडेरशन ऑफ जरनलिस्ट के पदाधिकारी, संयोजक, स्थानीय कार्यकर्ताओं , यूनिवर्सिटी स्टाफ, संस्था सदस्यों एवं ट्रस्टीज तथा झुंझुनूं जिला कलेक्टर टी.रविकान्त एवं पुलिस अधीक्षक अजयपाल लाम्बा के नेतृत्व में जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन एवं अन्य प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े सहयोगियों का हार्दिक आभार धन्यवाद प्रकट किया है।

दो दिवसीय सम्पूर्ण कार्यक्रमों की शानदार कवरेज हेतु टीबड़ेवाला ने झुंझुनूं पी.आर. ओ राजकुमार पारीक तथा स्थानीय सभी समाचार पत्र के संपादकों, पत्रकारों एवं मीडियो कर्मियों का भी आभार जताया है। मनोनित कुलपति विनोद टीबड़ेवाला ने बताया कि विश्वविद्यालय में संगोष्ठि के उद्घाटन सत्र पर विधानसभा अध्यक्ष दीपेन्द्र सिंह शेखावत, समापन सत्र पर महामहीम राज्यपाल शैलेन्द्र कुमार सिंह एं पूरे आयोजन में सम्पूर्ण भारत वर्ष से पधारे मिडिया जगत से जुड़े व्यक्तियों एवं अन्य अतिथियों के आने से कार्यक्रम को गरीमा मिली है। इस हेतु यूनिवर्सिटी कार्यकारिणी सभी का तहेदिल से आभार व्यक्त करती है।

टिबड़ेवाला विश्वविद्यालय चुड़ेला में शिक्षा में नवीन आयाम विषयक संगोष्ठी सम्पन्न

माई झु.3 जून। राजस्थानी सेवा संघ मुम्बई द्वारा संचालित श्री जगदीशप्रसाद झाबरमल टिबड़ेवाला विश्वविद्यालय चुड़ेला में उच्च स्तरीय प्राचार्यों हेतु शिक्षा में नवीन आयाम विषयक संगोष्ठी बुधवार को सम्पन्न हुई।

रजिस्ट्रार मो. आलमगीर के अनुसार श्री जगदीशप्रसाद झाबरमल टीबड़ेवाला विश्वविद्यालय में शिक्षा के नवीन आयाम सम्बंधित शैक्षिक संगोष्ठी का आयोजन विश्वविद्यालय चांसलर विनोद टीबड़ेवाला की अध्यक्षता एवं जिला साक्षरता अधिकारी सीकर रामनिवास शर्मा के मुख्य अतिथि में किया गया। सरस्वती माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन के पश्चात अपने उद्घाटन उद्बोधन में चांसलर विनोद टिबड़ेवाला ने राजस्थान प्रदेश के प्रति चिंता प्रकट करते हुए कहा कि प्रदेश में भामाशाहों की कमी नहीं है लेकिन राज्य में तकनीकी शिक्षा एवं अंगेजी के ज्ञान में कमजोर होने के कारण प्रदेश के युवा वैश्वीकरण के इस दौर में अन्य पड़ोसी राज्य के बच्चों के साथ कापरेट नहीं कर पा रहे हैं। उन्होंने कर्नाटक, महाराष्ट्र, आन्ध्र प्रदेश आदि राज्यों का हवाला देते हुए कहा

है संचार क्रांति के दौरे में राज्य में स्कूली शिक्षा से ही युवाओं को जागरूक करने की जरूरत है ताकि प्रदेश के युवा वैश्विकरण के दौरे में प्रतिद्वन्दता के लिए तैयार रहे।

सीकर चुरू एवं झुंझुनूं आदि शेखावाटी के तीनों जिलों के उच्च माध्यमिक स्तर के प्राचार्यों हेतु आयोजित शेक्षिक संगोष्ठी में विभिन्न विषय मित्र, दार्शनिक एवं निर्देशक के रूप में प्राचार्यों की भूमिका, शिक्षण की विधियां प्रविधिया आधुनिक एवं पाश्चात संस्कृति के आपसी सम्बंध, यौन शिक्षा एवं युवा, उदारीकरण एवं वैश्वीकरण के दौर में रोजगार के अवसर तथा शैक्षिक संस्थानों में उच्च शिक्षा में प्रवेश प्रक्रिया आदि विषयों पर श्री रामनिवास शर्मा जिला साक्षरता अधिकारी सीकर, असगर अली जिला साक्षरता अधिकारी झुंझुनूं, डॉ. दीपक सक्सेना, जयपुर डॉ. एस के सिंह सीकर, राधेश्याम शर्मा सीकर, राजकुमार शर्मा चुरू तथा जी आर पिलानिया प्राचार्य सीकर ने अपने विचार प्रस्तुत किए। दूसरे सत्र के सम्भागियों ने खुले अधिवेशन में विश्वविद्यालय के सफल संचालन हेतु मुक्त विचार प्रस्तुत किये। कार्यक्रम के अंत में चांसलर विनोद टिबड़ेवाल एवं अशोक हरलालका द्वारा सभी सम्भागियों का धन्यवाद ज्ञापित करने के साथ साथ अतिथियों का शॉल औढाकर सम्मानित किया गया। संगोष्ठी में मुख्य रूप से नरेन्द्र दाधीच डीपीइपी चुरू, मोहनलाल शर्मा प्राचार्य, टेकचन्द शर्मा, भवर सिंह साक्षरता विभाग सीकर, शरतचन्द गाडिया नवीन शर्मा निधि यादव आलमगिर रजिस्ट्रार सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

गीत संगीत एवं भजन संध्या में कलाकारों ने शमां बांधा

माई झु. 6 जून। जिले के ग्राम चुड़ेला में स्थित जगदीश प्रसाद झाबरमल टीबड़ेवाल विश्वविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय ग्रामीण पत्रकारिता संगोष्ठी के समापन अवसर पर रात्रि को संगीत संध्या का आयोजन किया गया जिसमें कलाकारों ने एक से बढकर एक गीतों गजलों व भजनों की प्रस्तुतियां दी।

कार्यक्रम का शुभारम्भ मुरारी भट्ट की गणेश वन्दना प्रथम गणेश मनावां तुम्हे से किया गया इसके बाद सिंघाना के मनीष कर्मचन्दानी ने मेरे रोम रोम में बसने वाले राम, म्हारो यो सांवरियो सेठ न झटको जूल्फ से पानी तथा ए शुम्भु बाबा जैसी सुन्दर प्रस्तुतियां देकर कार्यक्रम को परवान चढाया, मण्डावा के गजल गायक रमजान रिजवी ने हम तेरे शहर में आये हैं मुसाफिर की तरहा व एक फूल के सीने में धड़कता हूं इसलिए मैं लोगों की आंखा में खटकता हूं। गजलों से तालियां बटोरी जयपुर से आयी मधुराज ने अनुराधा पोडवाल के गाये गीतों से शमां बांधा व कार्यक्रम का सुन्दर संचालन किया। बाल कलाकार लाकेश भट्ट ने करूं वंदना मां

फोटो : रामनिवास सोनी

तुम्हारी सारदे तथा श्याम के बिना राधा आदी भजन सुनाएं। रामनिवास सोनी ने तेरे नैना क्यूं भर आए भजन प्रस्तुत किया। युवा गायक सज्जन दाधीच ने आंख रोना भी नं चाहे तो रूला देते हैं। लोग तथा श्याम तेरे भरोसे मेरा परिवार है। कार्यक्रम के पूर्व में राजस्थानी सेवा संघ के रामौतार अग्रवाल, बाबूलाल ढण्ढारिया हनुमान प्रसाद बगड़िया, राधेश्याम जसरापुरिया, अशोक हरलालका व एडवोकेट भगवान सिंह ने कलाकारों को स्मृति चिन्ह व दुपटे औढाकर स्वागत किया। कुलाधिपति विनोद टीबड़ेवाल तथा मुम्बई से आये अशोक हरलालका ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर ओबीसी बैंक के मैनेजर अनील बंसल, एसबीआई मैनेजर गुप्ता, पवन पुजारी, उमाशंकर महमियां, डी एन तुलस्यान, श्याम सुन्दर टीबड़ा, राकेश टीबड़ा, ओमप्रकाश केडिया, मौ. आलमगीर, अनील गुप्ता, निधि यादव सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित थे।

साग्रह निवेदन

वैबसाईट माई झुंझुनूं डॉट कॉम पर संकलित झुंझुनूं, राजस्थान एवं पूरे भारतवर्ष की सूचनाओं के अपडेशन हेतु सभी संबंधित व्यक्तियों, सरकारी एवं अर्द्धसरकारी अधिकारियों, संस्थानों से हमारा साग्रह निवेदन है कि वे इसे अपडेट करने हेतु सुझाव, मार्गदर्शन एवं अपेक्षित सूचनाएं प्रेषित करें।

आप ही ने बनाया,
हमें निरन्तर सफल
आप ही से बांटेंगे,
हम खुशियां हर पल

रामनिवास सोनी का सम्मान

माई झु. 6 जून। प्रेस फोटोग्राफर रामनिवास सोनी का दो दिवसीय संगोष्ठी के समापन सत्र में इंडियन वर्किंग फेडरेशन के विक्रम राव एवं चुड़ेला युनिवर्सिटी के मनोनीत कुलपति विनोद टिबड़ेवाला द्वारा सम्मान किया गया। सोनी को सम्मान में प्रतीक चिन्ह एवं दो दिवसीय सेमीनार सहभागिता प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

माई झुंझनूं डॉट कॉम के प्रबन्ध सम्पादक डी. एन. तुलस्यान का सम्मान

माई झु. 6 जून। माई झुंझनूं डॉट कॉम के प्रबन्ध सम्पादक डी. एन. तुलस्यान का दो दिवसीय संगोष्ठी के समापन सत्र में इंडियन वर्किंग फेडरेशन के विक्रम राव एवं चुड़ेला युनिवर्सिटी के मनोनीत कुलपति विनोद टिबड़ेवाला द्वारा सम्मान किया गया। सोनी को सम्मान में प्रतीक चिन्ह एवं दो दिवसीय सेमीनार सहभागिता प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

रविन्द्र सिंघानिया से जबरन मांग पर विभिन्न संगठनों ने की निन्दा

माई झु.न्यूज। रविन्द्र सिंघानिया सुपुत्र अंतर्राष्ट्रीय कानुनविद एवं सिंघानिया यूनवर्सिटी के चांसलर डी सी सिंघानिया के साथ झुंझुनूं कोर्ट में जबरन रूपये मांगने एवं रूपये न देने पर जबरदस्ती करने आदि मामले की शहर के विभिन्न संगठनों ने निन्दा करते हुए प्रशासन से इस प्रकार की कार्यवाही करने वालो के विरूद्ध कानुनी कार्यवाही करने की मांग की है। निन्दा करने वालो में महाराजा अग्रसेन शिक्षा एवं जन कल्याण ट्रस्ट के अध्यक्ष ताराचन्द गुप्ता भोड़कीवाला, मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष प्रदीप पाटोदिया, अग्रवाल समाज समिति के अध्यक्ष प्रमोद खंडेलिया आदि प्रमुख है।